तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री

न्यूनतम 4.3 डिग्री

हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025

11 क्रिसमस पर्व पर शहर के चर्चों में उमड़ी श्रद्धा...



12 साल 2025 सोनीपत में अपराध और न्याय की...



## खबर संक्षेप



सोनीपत। कार्यक्रम में अतिथियों के साथ आयोजक एवं अन्य।

### तुलसी पूजन के साथ दिव्य यज्ञ महोत्सव

**सोनीपत।** सब्जी मंडी परिसर में अखंड हिंदु परिषद द्वारा 'भारतीय संस्कृति का आधार - आरोग्य और समृद्धि का द्वार' विषय पर तुलसी पूजन एवं दिव्य यज्ञ महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। आयोजकों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज को दिया। इस दौरान अखंड हिंदु परिषद के संस्थापक आर्यवंशी सुभाषचंद्र भारती, राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश राठौर, उपाध्यक्ष दीपक सैनी, सतपाल राणा, विकास धीमान, हिंदु एक्शन फोर्स के जिला अध्यक्ष राजीव, करणी सेना से दीपक चौहान, ताहर सिंह भारतीय किसान संघ प्रदेश उपाध्यक्ष, संदीप बत्रा, मोहन कौशिक, मातृशक्ति जिला संयोजिका पिंकी व मुख्य अतिथि नारायण गिरि महाराज मौजूद रहे।

### नरेंद्र को मिली भाजपा संगठन में जिम्मेदारी

**खरखौदा।** एडवोकेट नरेंद्र दहिया को भाजपा की ओर से से एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से नवाजा गया है। उन्हें पार्टी के चुनाव आयोग विभाग में जिला सोनीपत के सहसंयोजक के पद पर नियुक्त किया गया है। दहिया ने कहा कि वह इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, इमानदारी व समर्पित भाव से निभाएंगे। उन्होंने नियुक्ति के लिए विधायक पवन खरखौदा, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, जिला प्रभारी सतीश नान्दल व जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज का आभार व्यक्त किया। उनके चाचा मा० महेन्द्र सिंह दहिया रोहट (अब खरखौदा) हलके से विधायक और हरियाणा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन रहे हैं।



### शहादत दिवस पर खंड स्तरीय कार्यक्रम आज

**गन्नौर।** साहिबज़ादों के शहादत दिवस के अवसर पर आज शुक्रवार को देवकुल स्कूल में खंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबज़ादों की महान शहादत, त्याग और बलिदान से परिचित कराना तथा उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करना है। खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया ने बताया कि कार्यक्रम में मार्केट कमेटी के चेयरमैन निशांत छोक्कर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

# गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश दिवस पर निकला नगर कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश दिवस के उपलक्ष में वीरवार को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा सुजान सिंह पार्क से भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। श्रद्धा और आस्था से भरे इस नगर कीर्तन में भारी संख्या में संगत ने हिस्सा लिया। नगर कीर्तन शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा और वापसी के बाद गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा सिद्धार्थ सिंह पार्क में आकर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा नगर कीर्तन का स्थान स्थान पर स्वागत किया गया।

नगर कीर्तन के दौरान सभी गुरुद्वारों द्वारा सेवा, सत्कार और लंगर व्यवस्था की गई, वहीं दशमेश अखाड़ा बाबा दीप सिंह के जत्थों ने गतका के जौहर प्रस्तुत किए। युवाओं और बच्चों द्वारा की गई इन पारंपरिक मार्शल आर्ट प्रस्तुतियों को देखकर संगत ने उत्साह के साथ जयघोष किए। संगत द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी की वाणी का गायन किया गया और कीर्तन दरबार में गुरु परंपरा, त्याग और शौर्य की वाणी गुंजायमान होती रही।

**गतका पार्टी ने दिखाए करतब, गूंजता रहा जो बोले सो निहाल का जयघोष**



### गुरु गोविंद सिंह के जीवन दर्शन और बलिदान पर प्रकाश डाला

संगत को संबोधित करते हुए गुरुद्वारा साहब के प्रधान सरदार कुलदीप ने गुरु गोविंद सिंह के जीवन दर्शन और बलिदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु जी ने जीवन के मूल्यों को सर्वोपरि रखते हुए अपना समूचा परिवार धर्म और राष्ट्र पर निछावर कर दिया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने सभी को प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए समाज में सद्भाव, सेवा और मानवीय मूल्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

### पर्व का मुख्य आयोजन कल

कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सदस्य कुलदीप सिंह, विक्रम सिंह, उरविंदर सिंह, जसवीर सिंह, मनजीत सिंह, राकेश सचदेवा, गुरिंदर सिंह, कुलविंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही। प्रकाश पर्व का मुख्य आयोजन 27 दिसंबर को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा सुजान सिंह पार्क में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विशेष दीवान और कीर्तन दरबार होंगे।

## दिन में निकली करारी धूप, शाम को फिर कम हुआ तापमान

# प्रदेश भर में सबसे ठंडी रही सोनीपत की रात, 4.3 रहा न्यूनतम तापमान

- सुबह और शाम को भारी ठंड और दोपहर को गर्मी से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर
- मौसम विभाग के आंकड़ों ने इस बार सबको चौंका दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत जिले में मौसम के मिजाज में लगातार आ रहे बदलाव के बीच कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है। बुधवार की रात जिलेवासियों के लिए इस सीजन की सबसे ठंडी रात साबित हुई। बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। हालांकि वीरवार की सुबह आसमान साफ होने और सुनहरी धूप खिलने से लोगों को कड़ाके की ठंड से थोड़ी राहत अवश्य मिली।

मौसम विभाग के आंकड़ों ने इस बार सबको चौंका दिया है। सोनीपत जिले का सरगथल केंद्र पूरे प्रदेश में सबसे ठंडा स्थान दर्ज किया गया। यहां न्यूनतम तापमान गिरकर 4.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो कि हरियाणा के अन्य जिलों की तुलना में सबसे कम रहा। कड़ाके की ठंड का असर केवल ग्रामीण इलाकों तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि शहरी क्षेत्रों में भी इसका व्यापक प्रभाव देखा गया। जिले के दूसरे प्रमुख केंद्र जगदीशपुर में भी न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। तापमान में आई इस अचानक गिरावट ने सर्दी के तीखे तेवरों का अहसास करा दिया है।

*मौसम विशेषज्ञों के अनुसार दिन में करीब 3 किलोमीटर प्रतिघंटा की धीमी गति से हवाएं चलती रहीं, जिसके कारण धूप होने के बावजूद हवा में हल्की ठिठुरन बनी रही। मौसम का यह उतार-चढ़ाव आने वाले दिनों में भी जारी रहने की संभावना जताई जा रही है।*



सोनीपत। शाम के समय सोनीपत शहर का नजारा। फोटो : हरिभूमि

### धूप ने दी राहत, लेकिन हवा में बनी रही ठिठुरन

वीरवार सुबह की शुरुआत कोहरे और ठंड के साथ हुई थी, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही सूर्य देव के दर्शन हुए। खिली धूप ने हाड़ कंपाने वाली ठंड से जूझ रहे लोगों को काफी सुकून पहुँचाया। दिन भर लोग छतों और पार्कों में धूप का आनंद लेते नजर आए। वीरवार को जिले का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार दिन में करीब 3 किलोमीटर प्रतिघंटा की धीमी गति से हवाएं चलती रहीं, जिसके कारण धूप होने के बावजूद हवा में हल्की ठिठुरन बनी रही। मौसम का यह उतार-चढ़ाव आने वाले दिनों में भी जारी रहने की संभावना जताई जा रही है।

### रात को जिला प्रशासन ने रुकवाया कार्यक्रम

स्मारक स्थल का निर्माण समाज के कई प्रतिनिधियों और स्थानीय निवासियों के सहयोग से किया गया है। आरडब्ल्यूए के साथ मिलकर लोगों ने चंदा एकत्रित कर प्रतिमा स्थापित करवाई और अनावरण समारोह के लिए व्यापक तैयारियां की गई थीं। कार्यक्रम से कुछ घंटे पहले ही प्रशासनिक दल द्वारा टेंट हटवाने और कार्यक्रम रोकने के निर्देश दिए जाने से आयोजन से जुड़े लोगों में नाराजगी और निराशा देखने को मिली। वहीं, नगर निगम की ओर से यह स्पष्ट किया गया कि सेक्टर-23 में इस तरह का चौक या स्मारक निगम की किसी स्वीकृत योजना का हिस्सा नहीं है और न ही निगम स्तर पर इस स्थान को लेकर कोई प्रस्ताव विचाराधीन है। मामले के विवादित रूप लेने के बाद आरडब्ल्यूए की ओर से स्मारक स्थल पर एक सूचना चस्पा की गई, जिसमें लिखा गया कि निर्माण कार्य पूरा न होने के कारण अनावरण कार्यक्रम अभी स्थगित किया जा रहा है। इस नोटिस के बाद कार्यक्रम को लेकर बनी असमंजस की स्थिति कुछ हद तक समाप्त हुई और लोगों को आधिकारिक स्थिति की जानकारी मिल गई।

### आबोहवा जहरीली 277 पर एक्यूआई

ठंड के साथ-साथ सोनीपत की वायु गुणवत्ता ने भी प्रशासन और आम जनता की चिंता बढ़ा दी है। वीरवार को जिले का एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी एक्यूआई खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। हवा की गुणवत्ता का स्तर 277 तक पहुँच गया, जो स्वास्थ्य के लिहाज से काफी हानिकारक माना जाता है। वातावरण में मौजूद प्रदूषित कणों और हवा की धीमी गति के कारण स्मॉग की चादर छाई रही। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने विशेष रूप से बुजुर्गों और सांस के मरीजों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। खराब वायु गुणवत्ता के कारण सुबह और शाम की सैर करने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना

### आम जनजीवन खेती पर प्रभाव

न्यूनतम तापमान में आई इस गिरावट को कृषि विशेषज्ञों ने रबी की फसलों, विशेषकर गेहूं के लिए लाभदायक बताया है। ठंड बढ़ने से गेहूं की फसल में फुटाव अच्छा होता है, जिससे पैदावार बढ़ने की उम्मीद रहती है। हालांकि, रात के समय बढ़ती ठंड ने बेघर और खुले आसमान के नीचे रहने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शहर के बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के पास रैन बसेरों में लोगों की संख्या बढ़ने लगी है।

# खुद के अपहरण की झूठी साजिश रचने वाला पकड़ा

- तूड़ा व्यापारी के अपहरण की घटना का पुलिस ने किया पर्दाफाश, साथी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना में दो दिन पहले तूड़ा व्यापारी के अपहरण की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। जांच में सामने आया कि व्यापारी का वास्तव में अपहरण नहीं हुआ था, बल्कि उसने पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए खुद ही अपहरण की झूठी साजिश रची थी। यही नहीं, उसने अपने साथी के साथ मिलकर दूसरे व्यापारी की तूड़े से भरी ट्राली में आग भी लगाई थी। पुलिस ने आरोपी व्यापारी को पानीपत से गोहाना लौटते समय काबू कर लिया, जबकि आगजनी की घटना में शामिल उसके साथी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।गांव खंदराई निवासी नानक का बेटा अशोक तूड़ा खरीदकर आगे बेचने का काम करता है। मंगलवार को नानक ने बरोदा थाना पुलिस को शिकायत दी थी कि उसका बेटा सुबह बाइक लेकर जींद के लिए निकला था। करीब सवा आठ बजे अशोक ने जींद रोड पर नूरनखेड़ा गांव के पास नहर के नजदीक पहुंचकर अपनी बुआ के लडक़े नवीन को फोन कर बताया कि चार-पांच युवक उसका पीछा कर रहे हैं और उसके साथ मारपीट कर रहे हैं।



गोहाना। आरोपितों को गिरफ्तार किए हुए पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

### पुलिस कार्रवाई से बचने को रची साजिश

पुलिस ने बड़े स्तर पर जांच शुरू की और डॉग स्क्वायड की भी मदद ली। जांच के दौरान पुलिस को इनपुट मिला कि अशोक और उसके साथी अक्षय ने कुछ दिन पहले गांव बड़ौता के पास दूसरे व्यापारी की तूड़े से भरी ट्राली में आग लगाई थी। इसी मामले में पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए अशोक ने खुद के अपहरण की साजिश रची थी। बुधवार देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि अशोक बस से पानीपत से गोहाना आ रहा है। एसीपी राहुल देव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने काबू कर पूछताछ की, जिसमें उसने सच उगल दिया। अशोक ने बताया कि उसने नूरनखेड़ा के पास खुद ही बाइक और जैकेट गिराई थी और किसी ने उसका अपहरण नहीं किया था। इसके बाद पानीपत चला गया था।

इसके बाद नवीन ने पुलिस को सूचना दी। स्वजन मौके पर पहुंचे तो नहर किनारे अशोक की बाइक खड़ी मिली, जबकि दूसरी ओर उसकी जैकेट पड़ी थी। अशोक वहां नहीं मिला, जिस पर अपहरण का केस

### लाखों रुपये का हुआ था नुकसान

गांव खंदराई निवासी तूड़ा व्यापारी वीरेंद्र ने भी सदर थाना में शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि 16 दिसंबर को वह करनाल के गांव कुंदलान से ट्रैक्टर-ट्राली में तूड़ा भरकर लाया था और गांव बड़ौता में पेट्रोल पंप के पास ट्राली खड़ी की थी। अगले दिन ट्राली में आग लगी मिली। सीसीटीवी में अशोक और उसके साथी द्वारा आग लगाए जाने की पुष्टि हुई। आगजनी में वीरेंद्र को करीब 10 लाख का नुकसान हुआ।

# गवाही से रोकने के प्रयास मामले में आरोपित पकड़ा

- गवाह व परिवार को धमकाने के आरोप में थाना शहर पुलिस की त्वरित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के थाना शहर क्षेत्र में मुकदमे के गवाह को गवाही न देने का दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने संलिप्त आरोपित संजय उर्फ कालू निवासी गांव कामी को गिरफ्तार किया है। मामले की शिकायत नरेंद्र निवासी गांव कामी ने 23 दिसंबर को थाना शहर में दी थी।

शिकायत के अनुसार 2 दिसंबर को सोनीपत न्यायालय में सुनवाई के दौरान आरोपित कुलदीप और संजय ने कोर्ट रूम से बाहर निकलते समय नरेंद्र और उसके परिवार को जान से मारने व भारी नुकसान पहुंचाने की धमकी दी और चेतावनी दी कि यदि गवाही दी तो अंजाम खतरनाक होगा। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि उसका बड़ा भाई देवेंद्र पूर्व में एक मामले में गवाह था और गवाही से पहले उस पर प्राणघातक हमला किया गया था, जिसका अभियोग दर्ज हुआ था। आरोपितों के जमानत पर आने के बाद सोशल मीडिया पर धमकी भरे वीडियो डालकर परिवार पर दबाव बनाया जा रहा था। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की। जांच का जिम्मा सहायक उप निरीक्षक संदीप और उनकी टीम को सौंपा गया, जिन्होंने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपित संजय उर्फ कालू को काबू किया। गिरफ्तार आरोपित को कल न्यायालय में पेश किया जाएगा।



आरोपित के साथ पुलिस टीम।

### मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त चौथा आरोपी काबू

- क्राइम यूनिट कुंडली की टीम की कार्रवाई

**सोनीपत।** सोनीपत जिले की क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करी की पूर्व घटना में संलिप्त चौथे आरोपित टेकराम निवासी कुल्लू हिमाचल प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला 20 दिसंबर की कार्रवाई से जुड़ा है, जब सहायक उप निरीक्षक मनोज के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त के दौरान दिल्ली-पानीपत जीटी रोड सर्विस लेन पर मौजूद थी। उस समय खुफिया पर नाकाबंदी की गई, जिसके दौरान एक कार को रोका गया। तलाशी के दौरान कंडक्टर साइड पर बैठे रवि उर्फ बागा पुत्र वेदप्रकाश की जैकेट से पॉलीथिन में रखी चरस बरामद हुई, जिसका वजन पॉलीथिन सहित 1 किलो 164 ग्राम पाया गया। मामले को मादक द्रव्य पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत थाना गन्नौर में दर्ज किया गया। अनुसंधान के दौरान क्राइम यूनिट कुंडली की टीम पहले ही तीन आरोपितों विरेन्द्र, रवि और आकाश सभी निवासी पांची जट्टां को गिरफ्तार कर चुकी थी। तलाश में घटना में संलिप्त चौथे आरोपित टेकराम को भी काबू कर लिया गया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## मध्यरात्रि में प्रशासन ने टेंट हटवाकर रोका आयोजन, आरडब्ल्यूए अब लेगी औपचारिक स्वीकृति

*अनुमति विवाद के चलते आयोजकों ने सरकार को सौंपी जिम्मेदारी*

# सेक्टर-23 में महाराजा सूरजमल की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम पर टकराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर-23 के महालाना रोड चौक पर वीरशिरोमणि महाराजा सूरजमल की प्रस्तावित प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम पर प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद गतिरोध की स्थिति बन गई। बुधवार देर रात नगर निगम अधिकारियों की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और आयोजन स्थल पर लगाए गए टेंट को हटवा दिया।

अधिकारियों का तर्क था कि संबंधित स्थान पर प्रतिमा स्थापना और अनावरण के लिए प्रशासन से औपचारिक अनुमति नहीं ली गई है, इसलिए कार्यक्रम को फिलहाल रोकना आवश्यक है। आधी रात हुई इस कार्रवाई के बाद मौके पर बहस और खींचतान की स्थिति पैदा हो गई, जबकि आयोजन समिति के सदस्य सुबह तक समाधान तलाशने में जुटे रहे।गुरुवार सुबह सेक्टर-23 आरडब्ल्यूए ने स्थिति पर चर्चा कर फैसला लिया कि अब प्रतिमा के अनावरण और औपचारिक कार्यक्रम की जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन को सौंपी जाएगी। आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि आगे प्रतिमा स्थापना से संबंधित सभी आवश्यक अनुमतियों के लिए विधिवत आवेदन किया जाएगा और तय प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही कार्यक्रम आयोजित होगा। समिति ने बताया कि फिलहाल अनावरण स्थगित रखते हुए सरकार से सहयोग लेने का निर्णय लिया गया है।



सोनीपत। रात के समय आयोजन स्थल से टेंट उतारते हुए।

### नियमों के अनुसार ही कार्रवाई की जाएगी

सेक्टर-23 चौक पर जिस स्मारक स्थल को लेकर चर्चा हो रही है, वह नगर निगम की किसी स्वीकृत योजना का हिस्सा नहीं है। नगर निगम द्वारा इस तरह के किसी चौक या स्मारक का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। नियमों के अनुसार ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

*-अजय निराला, कार्यकारी अभियंता, नगर निगम, सोनीपत।*

### प्रतिमा स्थल पर कार्य अधूरे, पत्र भेजा

आरडब्ल्यूए प्रधान राजेश दहिया, समाजसेवी डॉ. धर्मवीर मलिक (योगी) ने बताया कि प्रतिमा स्थल पर कुछ कार्य अधूरे हैं, इसलिए अनावरण की तिथि आगे बढ़ाई गई है। आयोजन को औपचारिक स्वरूप देने के लिए सरकार से सहयोग लेने का निर्णय किया गया है और इस संबंध में पत्र भेज दिया गया है। उम्मीद जताई कि सरकारी स्तर पर अनुमति और समन्वय के बाद कार्यक्रम सम्मानजनक तरीके से आयोजित होगा। फिलहाल स्थल पर हवन किया गया और प्रसाद वितरित कर प्रतीकात्मक रूप से आयोजन संपन्न किया गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रतिमा स्थापना समाज की आस्था और सम्मान से जुड़ा विषय है, इसलिए वे चाहते हैं कि प्रक्रिया पूरी तरह वैधानिक और सुव्यवस्थित तरीके से आगे बढ़े। सभी की निगाहें टिकी हैं कि प्रशासनिक अनुमति मिलने के बाद प्रतिमा का अनावरण किस तिथि को किया जाएगा।

### रात को प्रशासन ने रुकवाया कार्यक्रम

जानकारी के अनुसार स्मारक स्थल का निर्माण समाज के कई प्रतिनिधियों और स्थानीय निवासियों के सहयोग से किया गया है। आरडब्ल्यूए के साथ मिलकर लोगों ने चंदा एकत्रित कर प्रतिमा स्थापित करवाई और अनावरण समारोह के लिए व्यापक तैयारियां की गई थीं। कार्यक्रम से कुछ घंटे पहले ही प्रशासनिक दल द्वारा टेंट हटवाने और कार्यक्रम रोकने के निर्देश दिए जाने से आयोजन से जुड़े लोगों में नाराजगी और निराशा देखने को मिली। वहीं, नगर निगम की ओर से यह स्पष्ट किया गया कि सेक्टर-23 में इस तरह का चौक या स्मारक निगम की किसी स्वीकृत योजना का हिस्सा नहीं है और न ही निगम स्तर पर इस स्थान को लेकर कोई प्रस्ताव विचाराधीन है। मामले के विवादित रूप लेने के बाद आरडब्ल्यूए की ओर से स्मारक स्थल पर एक सूचना चस्पा की गई, जिसमें लिखा गया कि निर्माण कार्य पूरा न होने के कारण अनावरण कार्यक्रम अभी स्थगित किया जा रहा है। इस नोटिस के बाद कार्यक्रम को लेकर बनी असमंजस की स्थिति कुछ हद तक समाप्त हुई और लोगों को आधिकारिक स्थिति की जानकारी मिल गई।




कमिटमेंट / अंशु सिंह

बच्चो, नया साल आने वाला है। तुमने प्लानिंग शुरू कर दी होगी, इसे कैसे सेलिब्रेट करेंगे। नया साल तुम्हारे लिए कैसे बेहतर साबित हो, तुम्हारे क्या नए रेजॉल्यूशन हों। नए साल में तुम ऐसा नया क्या करो, जो तुम्हें खुशी मिले, सफलता की राह बने, जानो।

# न्यू ईयर के लिए डिसाइड करो कुछ अलग रेजॉल्यूशन

बच्चो, नया साल आने ही वाला है। सभी इसकी कुछ न कुछ तैयारी में लगे हैं, ताकि नए साल का जश्न शानदार और यादगार बन सके। बच्चो, तुम सबने भी कुछ प्लानिंग की होंगी। बहुत कुछ सोचा होगा कि नए साल के स्वागत में क्या-क्या करेंगे? कहां पार्टी करेंगे, कहां घूमने जाएंगे, परिवार के अलावा दोस्तों के साथ मस्ती कैसे करेंगे? इतना ही नहीं, नए साल में क्या नया रिजॉल्यूशन लेंगे, इसके बारे में भी सोचा होगा। लेकिन ये सब तो आमतौर पर सभी करते हैं। तुम अलग क्या करोगे? ऐसा क्या करोगे, जो तुम्हारे लिए सिर्फ एक दिन या रात का जश्न न हो, बल्कि हर दिन, नए उत्साह और नई उम्मीद से भरा देखें। समस्याओं से कभी घबराएं नहीं। बेवजह गुस्सा न करें, बड़ों की सलाह मानकर आगे बढ़ें। तो बच्चों क्या तुम तैयार हो, ऐसा कुछ करने के लिए?



## जरूरी है इरादों में दृढ़ता

कई बच्चे दोस्तों या बड़ों की देखा-देखी में रेजॉल्यूशन तो ले लेते हैं, लेकिन उसे पूरा करने के लिए जो दृढ़ता चाहिए, वो उनमें नहीं होती है। बच्चो, जब तुम कोई लक्ष्य बनाओ, कोई टारगेट फिक्स करो तो उसे पूरा करने के लिए मेहनत, आत्मविश्वास के साथ मन में दृढ़ता जरूर होनी चाहिए। नए साल में इस बात को ध्यान में रखो।



## पहचानो अपनी खूबी

बच्चो, हर किसी में कोई न कोई खूबी जरूर होती है। तुम्हारे अंदर भी होगी। कई बार इस खूबी को पहचानने में देरी होती है। इसमें टीचर्स, पैरेंट्स, दोस्त या घर के बड़े हमारी मदद करते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज गेंदबाज कुलदीप यादव को सभी जानते हैं। अपने चाचा को क्रिकेट खेलते देखकर, उनकी दिलचस्पी इस खेल में हुई। फिर पिता जी ने मोटिवेट किया कि वह पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट भी खेलें। कुलदीप, पेस बॉलर बनना चाहते थे। लेकिन जब पहली बार कोच के पास पहुंचे, तो उन्होंने उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचाना और स्पिन गेंदबाजी के लिए प्रेरित किया। पहले थोड़ा झटका लगा। लेकिन वे उन पर विश्वास कर आगे बढ़े और उनका फैसला सही साबित हुआ। बच्चो, नए साल में तुम भी अपने अंदर की खूबी को पहचानो, जैसे तुम्हारे भीतर सिंगिंग, पेंटिंग, डॉसिंग या राइटिंग का टैलेंट हो तो उसे संवारने का संकल्प ले सकते हो। साथ ही दूसरों की खूबियों से नया सीखने की भी कोशिश करो।

## पैरेंट्स के साथ करो खुलकर बातें

बच्चों की एक आम शिकायत रहती है कि पैरेंट्स उन्हें अपने मन का करने नहीं देते। जरूरत से ज्यादा रोकते-टोकते हैं। उन पर भरोसा नहीं करते हैं। अकेले दोस्तों के साथ घूमने जाने या देर रात पार्टी करने से रोकते हैं। दरअसल, पैरेंट्स के ऐसा करने की वजह होती है। वे नहीं चाहते हैं कि तुम्हारे साथ कुछ गलत हो। तुम गलत संगत में पड़ो और फंसो। वे तुम्हें गुमराह होने से बचाना चाहते हैं। पैरेंट्स को तुम्हारी सुरक्षा की चिंता रहती है। बच्चो, इस बात को समझो कि पैरेंट्स अनुभवी होते हैं। उन्हें लोगों की परख होती है। इसलिए तुम्हें उनकी बातें माननी चाहिए। अपनी पसंद या नापसंद के बारे में उन्हें जरूर खुलकर बताओ। डरो नहीं और न संकोच करो। अपने पैरेंट्स से सलाह लेने में कोई हर्ज नहीं है। बात करने से हर प्रॉब्लम का सही सॉल्यूशन निकलता है।

## मानो दोस्तों की सही सलाह

अच्छे दोस्त परिवार के सदस्य की तरह होते हैं, जो अच्छे और बुरे वक्त दोनों में हमें सपोर्ट करते हैं। हमारी खूबियों की सराहना करते हैं, गलत होने पर टोकने से भी पीछे भी नहीं रहते। दोस्तों को इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि हमें बुरा लग सकता है, क्योंकि वे हमारे बारे में सिर्फ अच्छा और पॉजिटिव सोचते हैं। जैसे, सिक्स्थ की स्टूडेंट दीपक को जंक फूड के अलावा कुछ और पसंद ही नहीं आता था। इससे उसका वजन बढ़ने लगा। तब उसके दोस्त अनुज ने उसे साइक्लिंग और योगा करने की सलाह दी। दीपक ने उसकी बात मानी। कुछ समय बाद ही असर दिखने लगा। कहने का मतलब है कि जब हम अपनों की बातों को पॉजिटिव तरीके से लेते हैं, तो बदलाव भी हमारे हित में होते हैं। *

## ऐसे सेलिब्रेट करो न्यू ईयर

**बच्चो, अगर** तुम सोच नहीं पा रहे हो कि न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करें, तो तुम हमारे सुझाव अमल में ला सकते हो-

- घर पर मजेदार एक्टिविटीज कर सकते हो। तुम ग्लोस्टिक डांस पार्टी के अलावा डीआईवाई क्राफ्ट्स (टोपी, पॉपर्स), स्पार्कलिंग साइडर के साथ आधी रात का नकली काउंटडाउन करके नए साल का जश्न मना सकते हो।
- बैकयार्ड में गेम्स और खाने के साथ बोनफायर अरेंज कर सकते हो।
- परिवार के साथ किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते हो। अपने शहर के मॉल में बच्चों के लिए बने जोन में म्यूजिक के साथ थीम वाले इवेंट में शामिल हो सकते हो, तुम्हें बहुत मजा आएगा।
- ऐतिहासिक-सांस्कृतिक स्थलों की सैर कर सकते हो। एडवेंचर पार्क भी जा सकते हो।



टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# बीते साल की अचीवमेंट्स नए साल से नई आशाएं

बच्चो, बीत रहा साल हमें कुछ अचीवमेंट्स देकर जाता है, नया साल हमारे भीतर नई आशाएं जगाता है। टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट एकदास खान और श्रेया पटेल, बालभूमि को बता रहे हैं कि बीत रहे साल 2025 में उन्होंने क्या अचीव किया, नए साल 2026 से उन्हें क्या आशाएं हैं? साथ ही ये दोनों यह भी बता रहे हैं, न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करेंगे, इनके क्या रेजॉल्यूशंस हैं।

## मेरे लिए यह साल सुपर-डुपर रहा : अकदास खान



**सन नियो** चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में अकदास खान, सप्पू का किरदार निभा रहा है, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। साल 2025 में इस शो का हिस्सा बनकर अकदास बहुत खुश है। वह बताता है, 'यह साल मेरे लिए सुपर-डुपर रहा। मुझे इतने बड़े शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में सप्पू का रोल प्ले करने का मौका मिला। मैंने इस साल कैमरे को फेस करना, अच्छे से डायलॉग बोलना और सीन में सही रिएक्शन देना सीखा।' नए साल 2026 के अपने रेजॉल्यूशन के बारे में अकदास बताता है, 'आने वाले साल में मेरा रेजॉल्यूशन है कि मैं सप्पू के रोल को और भी अच्छे से एक्ट करूं। मैं नए साल में डांस, गाना और कुछ एडवेंचर वाली स्किल्स भी सीखूंगा। उम्मीद करता हूं कि नए साल में मुझे बड़े और अच्छे रोल्स मिलेंगे।' न्यू ईयर सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में भी अकदास बहुत उत्साहित होकर बताता है, 'इस बार मैं अपने शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' के सभी दोस्तों के लिए छोटे-छोटे न्यू ईयर काड्र्स बनाऊंगा। मम्मा और मैं घर पर गुब्बारे और छोटी-छोटी लाइट्स भी लगाएंगे। अबकी न्यू ईयर पर घर में और सेट पर हम खूब एंज्वॉय करने वाले हैं। सभी को मेरी तरफ से हैप्पी न्यू ईयर!' *

## नए साल में निखारूंगी अपनी एक्टिंग स्किल : श्रेया पटेल



**इन दिनों** श्रेया पटेल सोनी सब के धार्मिक सीरियल 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' में सिद्धि का किरदार निभा रही है। उसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। श्रेया के लिए साल 2025 बेहद खास रहा। वह मुस्कुराते हुए बताती है, 'मेरे लिए इस साल की शुरुआत सोनी सब के शो 'तेनाली रामा सीजन-2' से हुई। मुझे खुशी है, इस शो में दर्शकों को मेरा रोल, मेरी एक्टिंग पसंद आई। साल बीतते-बीतते मुझे नया शो 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' मिल गया, जिसमें मैं सिद्धि का रोल प्ले कर रही हूं। मुझे इस साल नए-नए प्रोजेक्ट्स मिले और खुद को प्रूव करने का अवसर भी मिला। इस लिहाज से देखा जाए तो साल 2025 मेरे लिए बहुत ही खास रहा।' आने वाले साल 2026 से श्रेया को कई उम्मीदें हैं। उसने कुछ गोल्स भी सेट किए हैं, वह बताती है, 'मैं उम्मीद करती हूं, नए साल में मुझे अच्छे शोज में लीड रोल निभाने का मौका मिलेगा। नए साल में मैं एक्टिंग कॉलेज से जुड़कर अपना एक्टिंग स्किल निखारना चाहती हूं।' श्रेया न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'नए साल की शुरुआत मैं अपने फैमिली मेंबर्स और फ्रेंड्स को न्यू ईयर विश करके करती हूं। फैमिली के साथ पार्टी करती हूं। बालभूमि के नन्हे दोस्तों को मेरी ओर से नए साल की गुड विशेज।' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

कविता / राजा चौरसिया

## स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा

जा रहा पुराना साल छोड़कर
यादों का अनमोल पिटारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
नई उमंगें, नई तरंगें
और चेहरे खिले हुए हैं।
प्रिय बधाइयों, उपहारों के
सबको अवसर मिले हुए हैं।
नजरें तो हैं वही पुरानी
किंतु नया सब ओर नजारा।

हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
गीत देश के भी गाएंगे
इसको भूल नहीं पाएंगे।
बारह माह सफलताओं का
मनचाहा उत्सव मनाएंगे।
नई सोच की पटरी पर ही
दौड़ेगा उत्साह हमारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नववर्ष तुम्हारा।






कहानी
रेनू सैनी

स्पर्श की जैसे सफाई से परहेज था। उसके मम्मी-पापा और दोस्त उसे समझाते, लेकिन उस पर कोई असर नहीं होता। स्पर्श का मौसेरा भाई पंकज, क्रिसमस की छुट्टियों में जब उसके पास आया, तो उसने स्पर्श को सुधारने की सोची। पंकज क्या स्पर्श को सुधार सका?

# नववर्ष का संकल्प



निर्मला मैडम सेवेंथ क्लास के बच्चों को हेल्थ से जुड़ी उपयोगी जानकारी दे रही थीं। उन्होंने बच्चों को बदलते मौसम में फैल रही बीमारियों जैसे वायरल फीवर, टाइफाइड और लूज मोशन के बारे में बताया। बच्चे उनकी बातें ध्यान से सुन रहे थे, लेकिन स्पर्श का ध्यान कहीं और था। वैसे तो वह होशियार बच्चा है, लेकिन उसमें एक बुरी आदत है कि सफाई से दूर रहता है। वह कभी भी ढंग से हाथ नहीं धोता है। यहां तक कि खाना खाने से पहले भी नहीं। स्पर्श के माता-पिता और दोस्त उसे हर तरह से समझा कर थक चुके हैं, किंतु वह किसी की भी नहीं सुनता। उसके कपड़े भी अकसर मैले रहते हैं। यहां तक कि उसकी किताबें, कॉपियां फटी मिलती हैं। पूछने पर उसका जवाब होता है, 'मेरी चीजें मैली या फटी इसलिए होती हैं, क्योंकि मैं इनका सबसे ज्यादा प्रयोग करता हूं। तुम लोगों की तरह नहीं कि हर चीज को शो-पीस बनाकर रखूं।' ऐसे ही किसी के हाथ धोने के लिए कहने पर उसका जवाब होता, 'हाथ तो वही रहेंगे न, धोएं या न धोएं, क्या फर्क पड़ता है?'

स्पर्श की इन बे-सिर पैर की बातों से सभी चिढ़ते हैं। इस बार क्रिसमस की छुट्टियों में स्पर्श की मौसी का बेटा पंकज कुछ दिनों के लिए आया। पंकज उससे बड़ा है। वह बहुत समझदार भी है। स्पर्श के कई दोस्तों से पंकज मिला, उसे इनसे स्पर्श का सफाई से न रहने की आदत के बारे पता चला। पंकज ने मन ही मन नववर्ष से पहले उसकी इस आदत को छुड़ाने का निश्चय किया।

स्पर्श का दोस्त अमन बीमार चल रहा था। पंकज कुछ सोचकर स्पर्श के साथ अमन से मिलने उसके घर गया। दोनों को देखकर अमन को खुशी हुई। वह बोला, 'अच्छा हुआ, तुम लोग आ गए। मेरा मन बहल जाएगा। वैसे अब मैं बिल्कुल ठीक हूं। खांसी-जुकाम हो गया था।'

तभी अमन की मम्मी वहां आकर बोलीं, 'मैं चाय-नाश्ता लेकर आती हूं अभी।'

यह सुनकर पंकज ने स्पर्श से कहा, 'आंटी, रसोई में चाय-नाश्ता तैयार कर रही हैं। तुम जाकर ले आओ।'

स्पर्श तुरंत रसोईघर की ओर चला गया। कुछ देर बाद वह गर्म-गर्म चाय-नाश्ता लेकर आया। स्पर्श नाश्ता शुरू करने वाला था कि अमन ने टोका, 'अरे...अरे... यह क्या कर रहे हो? पहले जाकर अच्छे से हाथ साफ करके आओ।' अमन ने यह भी बताया, 'मेरे एक रिश्तेदार का बेटा इन दिनों बहुत बीमार चल रहा है। उसे टाइफाइड हो गया है। डॉक्टरों ने बोला है कि उसे ठीक होने में समय लगेगा। वह भी बिना हाथ साफ करे चीजें खा लेता है। इसलिए गंदगी के कीटाणुओं ने उसे अपना शिकार बना लिया है। उसके बोर्ड के एग्जाम सिर पर हैं। ऐसे में वह बीमार हो गया है। उसकी पढ़ाई का हर्जा हो रहा है। पता नहीं वह बोर्ड के एग्जाम दे भी पाएगा या नहीं?' अमन आगे बोला, 'बीमार पड़ने से अच्छा है कि पहले से ही साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए।'

अमन की बातें सुनकर स्पर्श घबरा सा गया। वह वॉश बेसिन की ओर भागा। जैसे ही वह हाथ धोने गया, पंकज और अमन एक-दूसरे की ओर देखकर मुस्कुराए। दरअसल, पंकज ने ही स्पर्श को जान बूझकर नाश्ता लेने के लिए कमरे से बाहर भेजा था। उसके कमरे से जाते ही पंकज ने अमन को झूठ-मूठ की कहानी बनाने के लिए कहा था। इस कहानी ने अपना काम कर दिखाया।

हाथ धोकर आने के बाद स्पर्श चाय-नाश्ता करते हुए बोला, 'भाई, मेरा तो आने वाले नए साल में यही संकल्प है कि हमेशा कुछ खाने-पीने से पहले अच्छी तरह हाथ धोऊंगा।'

स्पर्श की बात सुनकर पंकज बोला, 'भाई तुम्हारा यह संकल्प तो सारे संकल्पों पर भारी है, क्योंकि स्वच्छता है तो स्वास्थ्य है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है। इस तरह तो तुम हर जगह बाजी मार ले जाओगे।'

पंकज की बात पर अमन और स्पर्श हंस पड़े। कमरे में नाश्ते की खुशबू फैल चुकी थी। तीनों नाश्ते का आनंद लेते हुए यह प्लान करने लगे कि नववर्ष कैसे सेलिब्रेट करेंगे? *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र

## प्रेरित करती रोचक कहानियां

बच्चो, तुम्हारे लिए बाल कहानियों का एक संग्रह 'शेर की मूंछ के बाल' कुछ समय पहले छपकर आया है। रेखा शाह आरबी द्वारा लिखी गई इस किताब में चौदह मनोरंजक और शिक्षाप्रद कहानियां संकलित हैं। संग्रह की कहानियों में इंसानी पात्र तो हैं ही, कई कहानियों में जंगल के जीव-जंतुओं को पात्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है। किताब की शीर्षक वाली कहानी 'शेर की मूंछ के बाल' मनोरंजक होने के साथ-साथ तुम्हें अपनी गलती का एहसास कर उसे सुधारने की सीख भी देती है। 'टूटी गुल्लक' बहुत ही प्यारी कहानी है, जिसमें तुम पढ़ोगे कि गोलू किस तरह अपने दोस्त राजू की मदद करता है। यह कहानी तुम्हें सच्ची दोस्ती का महत्व समझाएगी। 'गुल्लू का बर्थ-डे' शीर्षक कहानी में गुल्लू अपना बर्थ-डे कुछ इस तरह मनाता है कि उसके सभी दोस्त उससे इंस्पायर होकर तय करते हैं कि वे भी अपना बर्थ-डे ऐसे ही मनाएंगे। यह कहानी तुम्हें अपनी खुशियां जरूरतमंदों के साथ बांटने पर मिलने वाली खुशी का एहसास कराएगी। 'पिंकी का सपना' कहानी में तुम पढ़ोगे कि पिंकी ने किस तरह दादाजी के साथ मिलकर अपने सपने को सच किया। यह कहानी तुममें प्रकृति-प्रेम और पर्यावरण की रक्षा के भाव जगाएगी। इन कहानियों के अलावा 'तोताराम को मिली सीख', 'साबू और शहद', 'तोलू मोलू और करेला', 'पक्की वाली दोस्ती', 'लोमड़ी की चांद ट्रिप टूरिस्ट एजेंसी' कहानियां भी तुम्हें खूब पसंद आएंगी। साथ ही ये कहानियां तुम्हें नैतिक और व्यावहारिक ज्ञान भी देंगी। *




**किताब:** शेर की मूंछ के बाल (बाल कहानी संग्रह), **लेखिका:** रेखा शाह आरबी, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज

## जीके क्विज-185



1. भारत के राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की रचना किसने की?
2. ग्लोबल फैमिली डे कब मनाया जाता है?
3. हाल ही में फेमस फुटबॉलर लियोनेल मेसी की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा का अनावरण कहां हुआ है?
4. किस देश ने जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 जीता है?
5. टाइम मैगजीन द्वारा किसे टाइम एंटरटेनर ऑफ द ईयर 2025 चुना गया है?
6. हैदराबाद किस नदी के किनारे बसा है?
7. नवंबर महीने के लिए आईसीसी वूमेन प्लेयर ऑफ द मंथ किसे चुना गया है?
8. भारत के किस राज्य की राजभाषा अंग्रेजी है?
9. भारत के किस राज्य में लोकसभा की सर्वाधिक सीटें हैं?
10. 'भारत भारती' नामक पुस्तक के रचयिता कौन हैं?

**बच्चों, जीके क्विज-185 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-184 का उत्तर :** 1.दीपावली, 2.जसप्रीत बुमराह, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.गुजरात, 5.माउंट बेटन, 6.ओडिशा, 7.क्षिप्रा नदी, 8.22 दिसंबर, 9.विनेश फोगाट, 10.पत्रकारिता

**जीके क्विज-184 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, चीनू-रायगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, नीटू-सीतापुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-रोहतक

## रंग भरो-192

**रंग भरो-192** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आन्या, दुर्ग


दीक्षांत, रायपुर


दिया, रोहतक


आशना, जांजगीर


हिताक्षी, महेंद्रगढ़


पयोनिधि, अंबिकापुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, अंकिता-ईमेल से, अंतरा-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कोमल-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, अमन-जांजगीर, कुसुम-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रितेश-बलौदा बाजार

## रंग भरो 193




बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में कुछ बच्चे न्यू ईयर सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### महाराजा सूरजमल को किया नमन

**गोहाना।** गुरुवार को महाराजा सूरजमल को उनके 256वें बलिदान दिवस पर याद किया गया। शहर में महाराजा सूरजमल चौक में आयोजित इस समारोह में नागरिकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। समारोह में जाट महासभा के अध्यक्ष विनोद सहरावत, ठेकेदार राजबीर, वीरेंद्र दूहन, संजय मलिक, कुलदीप मान, मनोज मान, कर्ण सिंह लाठर, एमसी निपुण सहरावत, जतिन देशवाल, दरवेश सहरावत, विक्रम सिवाच, आढ़ती संदीप मलिक, पंजाबी महासभा गोहाना के अध्यक्ष इंद्रजीत विरमानी, विकास मोर, राजेश लठवाल, राजू मलिक, कुलदीप, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष संजय दूहन, संतराज मान और रणबीर चहल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सद्भावना यात्रा में सहयोग देने वाले होंगे सम्मानित

**गोहाना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विदेशी मामले विभाग के उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में निकाली गई सद्भावना पैदल यात्रा के द्वितीय चरण की सफलता पर 28 दिसंबर को भिवानी में सम्मान समारोह आयोजित होगा। समारोह में इस यात्रा को सफल बनाने में सहयोग देने वाले नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। यात्रा के बरोदा एवं गोहाना विधानसभा संयोजक प्रदीप चहल के अनुसार द्वितीय चरण में यात्रा को नांगल चौधरी, नारनौल, महेन्द्रगढ़, दादरी, बाढड़ा, भिवानी, लोहारू, तोशाम, कलानौर, महम, गोहाना, बरोदा एवं इसराना इन 13 विधानसभा क्षेत्रों में जबरदस्त समर्थन मिला था।

### शिव शक्ति सिद्ध पीठ में सत्संग और भंडारा कल

**सोनीपत।** बहालगढ़ रोड स्थित श्रीनगर कॉलोनी में सत्संग और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह आध्यात्मिक कार्यक्रम शिव शक्ति सिद्ध पीठ मंदिर में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम का आयोजन फीनी देवी सूरजभान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। ट्रस्ट के अनुसार यह आयोजन 27 दिसंबर को होगा। दोपहर 3 बजे से सत्संग का शुभारंभ होगा जिसमें स्वामी हरिओम आनंद अपने प्रवचनों के माध्यम से भगवान की महिमा का गुणगान करेंगे। सत्संग से भक्तों को अध्यात्म से जुड़ने व जीवन में सकारात्मकता लाने का अवसर मिलेगा। इसके बाद शाम 6 बजे संध्या आरती की जाएगी। आरती के पश्चात शाम 6:30 से भंडारे का आयोजन शुरू होगा।

### ज्ञानी जैल सिंह को 31वीं पुण्यतिथि पर याद किया

**गोहाना।** शहर में महम मार्ग स्थित भगवान विश्वकर्मा चौक में पूर्व राष्ट्रपति स्व. ज्ञानी जैल सिंह को उनकी 31वीं पुण्यतिथि पर याद किया गया। समारोह में नागरिकों ने पूर्व राष्ट्रपति के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा ज्ञानी जैल सिंह ने एक साधारण बढई परिवार से उठकर भारत के 7वें राष्ट्रपति 1982 से 1987 तक बनने का शानदार सफर तय किया। वे स्वतंत्रता सेनान, पंजाब के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री होते हुए देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचे। वह भारत के पहले सिख राष्ट्रपति भी थे। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता जितेंद्र जांगड़ा ने की।

### निरंतर प्रयास से किया सफलता के लिए प्रेरित

**खरखौदा।** द स्टैनफोर्ड स्कूल थाना खुर्द में शीतोत्सव विंटर फिएस्टा – नवेरा 1.0 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, संस्कृति, खेल और राष्ट्रभावना का सुंदर समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओलंपियन, अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित एवं उप निदेशक (खेल) अमित दहिया रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण और निरंतर प्रयास के माध्यम से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विशेष अतिथि के रूप में इंडो-तिब्बतन सहयोग मंच के महामंत्री सुशील शास्त्री उपस्थित रहे। वहीं गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में भारत केसरी सुनील पहलवान व एनआईएस कुश्ती कोच रविंद्र ने गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इंडो-तिब्बतन सहयोग मंच के जिला मंत्री योगेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

## मिशन बुनियाद के तहत परीक्षा आज, जिले में बनाए 12 केंद्र

# सुनहरे भविष्य की नींव रखने के लिए 4454 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

### परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा

**शत-प्रतिशत पंजीकरण वालों की उपस्थिति सुनिश्चित करें।**

हरिभूमि न्यूज >> सोनीपत

सोनीपत जिले के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले होनहार विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने के लिए शिक्षा विभाग ने कमर कस ली है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की महत्वाकांक्षी योजना मिशन बुनियाद के तहत वर्ष 2026-27 बैच के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस कड़ी में जिले के 4454 विद्यार्थी 26 दिसंबर को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रथम चरण की इस परीक्षा के लिए विभाग ने जिले भर में 12 परीक्षा केंद्र स्थापित किए हैं, जहां व्यापक इंतजामों के बीच विद्यार्थी सुनहरे भविष्य की नींव रखेंगे। मिशन बुनियाद केवल एक परीक्षा नहीं है, बल्कि ग्रामीण और सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों के लिए एक ऐसा मंच है जो उन्हें आईआईटी, नीट, एनडीए और सुपर-100 जैसे प्रतिष्ठित कार्यक्रमों की दहलीज तक ले जाता है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की महत्वाकांक्षी योजना मिशन बुनियाद के तहत वर्ष 2026-27 बैच के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस कड़ी में जिले के 4454 विद्यार्थी 26 दिसंबर को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रथम चरण की इस परीक्षा के लिए विभाग ने जिले भर में 12 परीक्षा केंद्र स्थापित किए हैं, जहां व्यापक इंतजामों के बीच विद्यार्थी सुनहरे भविष्य की नींव रखेंगे। मिशन बुनियाद केवल एक परीक्षा नहीं है, बल्कि ग्रामीण और सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों के लिए एक ऐसा मंच है जो उन्हें आईआईटी, नीट, एनडीए और सुपर-100 जैसे प्रतिष्ठित कार्यक्रमों की दहलीज तक ले जाता है।इस योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षिक बुनियाद को इस कदर मजबूत करना है कि वे उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए होने वाली कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं में शहर के बड़े निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को कड़ी टक्कर दे सकें। प्रथम चरण की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**सात खंडों में फैला परीक्षा केंद्रों का जाल**

सोनीपत जिले के सात खंडों में विद्यार्थियों के पंजीकरण के अनुसार केंद्रों का निर्धारण किया गया है। आंकड़ों पर नजर डालें तो सोनीपत खंड में सर्वाधिक 1204 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। इसके बाद राई खंड से 926, गोहाना से 716, गन्नौर से 615, मुंडलाना से 442, खरखौदा से 376 और कथूरा खंड से 178 विद्यार्थी इस दौड़ में शामिल हैं। विभाग ने इन सात खंडों की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए 12 केंद्र बनाए हैं ताकि विद्यार्थियों को लंबी दूरी तय न करनी पड़े।

**एक घंटा पूर्व पहुंचना अनिवार्य**

वीरवार को आयोजित होने वाली यह परीक्षा दोपहर 12:30 बजे से शुरू होकर दोपहर 2:30 बजे तक चलेगी। हालांकि, परीक्षा की शुचिता और व्यवस्था बनाए रखने के लिए विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र पर एक घंटा पूर्व यानी 11:30 बजे पहुंचना अनिवार्य किया गया है। शिक्षा निदेशालय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि परीक्षार्थी अपने साथ प्रवेश पत्र, आधार कार्ड की फोटो प्रति, दो पेन और एक रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लाएं। इन दस्तावेजों के बिना केंद्र में प्रवेश वर्जित रहेगा। जिला शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे शत-प्रतिशत पंजीकरण वाले विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें।

**केंद्रवार परीक्षार्थियों की स्थिति**

परीक्षा के सफल संचालन के लिए मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में 598 और मुरथल अड्डा स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय में 606 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। राई के बीसवां मील केंद्र पर 562 और खेवड़ा के पीएमश्री विद्यालय में 360 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार गन्नौर के दो केंद्रों पर क्रमशः 256 और 359, खरखौदा के फरमाना और सैदपुर केंद्रों पर 189 और 187, गोहाना के दो केंद्रों पर 425 और 287, मुंडलाना के बुटाना केंद्र पर 442 तथा कथूरा के बनवासा केंद्र पर 183 विद्यार्थी परीक्षा देंगे।

**दो चरणों में होगी चयन की प्रक्रिया**

मिशन बुनियाद की यह चयन प्रक्रिया अत्यंत पारदर्शी और चुनौतीपूर्ण है। 26 दिसंबर को होने वाली प्रथम चरण की परीक्षा में जो विद्यार्थी अपनी योग्यता साबित करेंगे, केवल उन्हें ही 30 जनवरी को आयोजित होने वाली दूसरे चरण की परीक्षा में बैठने का अवसर मिलेगा। दूसरे चरण के बाद चयनित होने वाले छात्र-छात्राओं को जिले में चार विशिष्ट केंद्रों पर एनडीए और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

**सभी तैयारियां पूरी**

परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और प्रशासन का लक्ष्य है कि सोनीपत से अधिकतम विद्यार्थियों का चयन इस योजना के तहत हो।

*सुरेंद्र सिंह, जिला विज्ञान विशेषज्ञ, सोनीपत।*

# गायत्री विद्यापीठ में तुलसी पूजन दिवस श्रद्धा व भक्ति से मनाया

हरिभूमि न्यूज >> गन्नौर



गन्नौर। विद्यालय की प्रधानाचार्या शकुंतला कौशिक शिक्षकों के साथ तुलसी पूजन करते।

गायत्री विद्यापीठ वसंत विहार में बुधवार को तुलसी पूजन दिवस श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ बड़े धूमधाम से मनाया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच विद्यार्थियों व अध्यापकों ने पूनम शास्त्री ने पुरोहित की भूमिका निभाते तुलसी माता की विधिवत पूजा-अर्चना की। सामूहिक रूप से मंत्रोच्चारण से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक अनुभूति देखने को मिली। पूजा के दौरान तुलसी माता के महत्व, उनके धार्मिक और औषधीय गुणों पर भी प्रकाश डाला गया।

**तुलसी परंपरा का अभिन्न अंग**

विद्यालय की प्रधानाचार्या शकुंतला कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि तुलसी केवल एक पौधा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है। उन्होंने बताया कि तुलसी का पौराणिक महत्व अत्यंत व्यापक है और इसे एक दिव्य पौधा माना गया है। तुलसी न केवल धार्मिक दृष्टि से पूजनीय है, बल्कि आयुर्वेद में भी इसके औषधीय गुणों का विशेष महत्व है । विद्यालय की अध्यापिकाएं सुमन, सीमा, प्रिया , मोनिका , कीर्ति , निशा , रेखा , रितु , तमन्ना, विनीता , साक्षी सहित सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे। अंत में प्रसाद वितरण किया गया ।



खरखौदा। बैठक को संबोधित करते विकेश दहिया। फोटो :हरिभूमि

### खरखौदा को गोहाना में शामिल करने की संभावना पर जताया विरोध

**खरखौदा।** खरखौदा संघर्ष कमेटी की आपातकालीन बैठक गाँव बरोना की गई। जिसकी अध्यक्षता जय सिंह खांडा ने की। बैठक में खरखौदा उपमंडल को किसी भी प्रस्तावित नए जिले में शामिल करने का पुरज़ोर विरोध किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया कि 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री खरखौदा अनाज मंडी में आ रहे है। उनसे मांग की जाएगी कि खरखौदा उपमंडल सोनीपत जिले का ही हिस्सा रहेगा और किसी भी गाँव से छेड़छाड़ न की जाए। इसके अलावा 26 दिसंबर को एसडीएम खरखौदा से मिलेंगे और खरखौदा की जनता से अपील की गई है कि वे संघर्ष के लिए तैयार रहें। राजकुमार सिसाना, सुखबीर रोहणा, सुमित कंवाली, देवेन्द्र नकलोई, विकास सोहटी, राजेंद्र बरोना, सूरज पीपली, सिकन्दर मटिण्डू , रमेश सिसाना, सुनील फिरोजपुर, लीलू गढ़ी सिसाना, रणबीर छिनौली, रामकंवार कुण्डल मौजूद थे।

### अनुसूचित जाति संघ की कार्यकारिणी बैठक 28 को

**गन्नौर।** योगी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सतपाल योगी ने बताया कि नगर निगम सोनीपत के आगामी चुनावों को लेकर पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति समाज की भूमिका और भागीदारी तय करने के उद्देश्य से पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति संघ सोनीपत की एक आवश्यक कार्यकारिणी बैठक आगामी 28 दिसंबर (रविवार) को आयोजित की जाएगी। बैठक टीपी स्कीम-15, सोनीपत स्थित ट्यूलिप अस्पताल के पास पार्क में 10 बजे बुलाई गई है। वे बैठक की तैयारी को लेकर गन्नौर में समाज के लोगों को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने बताया कि बैठक की अध्यक्षता रामदिया प्रजापत करेंगे, जबकि बैठक का संचालन सुभाष भट्टी द्वारा किया जाएगा। बैठक का मुख्य उद्देश्य निकट भविष्य में होने जा रहे नगर निगम सोनीपत के चुनावों में पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति समाज की राजनीतिक भूमिका, भागीदारी और रणनीति पर गहन चिंतन एवं मंथन करना है।

# गुरुकुल बरोना में कबड्डी मैच में स्वामी श्रद्धानंद सदन रहा विजेता

**सोमवीर ने ब्रह्मचारियों को अच्छी जीवन शैली के लिए प्रेरित किया**

हरिभूमि न्यूज >> खरखौदा



खरखौदा। खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि मंजीत छिल्लर। फोटो : हरिभूमि

भरतपुर के महान शासक स्वर्गीय सूरजमल के बलिदान दिवस पर गुरुकुल बरोना में सूरजमल सदन व स्वामी श्रद्धानंद सदन के बीच कबड्डी मैच का आयोजन किया गया। जिसमें स्वामी श्रद्धानंद सदन विजय रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्ड मंजीत छिल्लर रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन स्वतंत्रता सेनानी व महान योद्धाओं की जयंती व बलिदान दिवस पर मनाते रहना चाहिए। कार्यक्रम के उपरांत उन्होंने खिलाड़ियों को कबड्डी के गुर सिखाए और खिलाड़ियों को अपने लक्ष्य की ओर वचनबद्ध रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सोमवीर आर्य ने ब्रह्मचारियों को अच्छी जीवन शैली के लिए प्रेरित किया। गुरुकुल आचार्य प्रदीप ने मंजीत छिल्लर का गुरुकुल में पहुंचने पर स्वागत किया कार्यक्रम के उपरांत मनीष आर्य ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# उप डाकघर को मिनी सचिवालय में स्थानांतरण का विरोध

- वर्तमान स्थान से हटाया तो बुजुर्गों, दिव्यांगों को परेशानी उठानी पड़ेगी

हरिभूमि न्यूज >> गन्नौर



उप डाकघर को मिनी सचिवालय में स्थानांतरण को लेकर विरोध करते उपभोक्ता ।

गन्नौर गांव स्थित उप डाकघर को मिनी सचिवालय में स्थानांतरित किए जाने के मामले में कोट मोहल्लों के दर्जनों उपभोक्ताओं ने विरोध जताते हुए विधायक से हस्तक्षेप की मांग की। उपभोक्ताओं ने चेताया कि यदि उप डाकघर को वर्तमान स्थान से हटाया गया तो इससे आमजन, विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी। लोगों ने बताया कि यह उप डाकघर वर्तमान में गन्नौर गांव के कोट मोहल्ला, गढ़ी केसरी, वाल्मीकि मोहल्ला, डकैत मोहल्ला, कुम्हार मोहल्ला, प्रधानावास मोहल्ला, राम मंदिर क्षेत्र, रेढ़ा बस्ती, लाला गढ़ी सहित करीब पांच से छह वार्डों की बड़ी आबादी को सेवाएं प्रदान कर रहा है। यहां से केवल पत्रों का आदान-प्रदान ही नहीं, बल्कि बैंकिंग, बीमा, आरडी, नकद जमा-निकासी, मनी ऑर्डर तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं और फार्मों से जुड़े कार्य भी किए जाते हैं। बड़ी संख्या में लोग डिजिटल बैंकिंग से वंचित हैं। ऐसे में डाकघर ही उनके लिए, एकमात्र भरोसेमंद वित्तीय संस्थान है। बुजुर्गों और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए वर्तमान स्थान पर स्थित उप डाकघर तक पहुंच आसान है, जबकि स्थानांतरण की स्थिति में उन्हें दूर जाना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की हानि होगी। उप डाकघर के कारण मुख्य बाजार और आसपास के क्षेत्र में नियमित आवाजाही बनी रहती है। नकद लेन-देन, बचत योजनाओं और आवर्ती जमा खातों के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। लोगों ने विधायक से आग्रह किया है कि वे जनहित के मुद्दे में तत्काल हस्तक्षेप कर संबंधित विभाग से बात करें और उप डाकघर को उसके वर्तमान स्थान पर ही बनाए रखने की दिशा में ठोस कदम उठाएं।

**ये रहे मौजूद**

उपभोक्ता चंद्रभान मल्होत्रा, संजय, मयंक, अशोक कुमार, अजय, विनय, रमेश खान, ममता राय, गौरख धीमान, संदीप आनंद, संतोष के साथ-साथ राजरानी, मंके, विकास, अजय, पूजा, रोहित, नरेश कौतक, सन्नी कुमार, विजय, मिशन, कलश, मीनू, दीपांशु, ऋतिका, अशोक, शैली, इमिया, सुमित कुमार ने डाकघर के स्थानांतरण को रद्द करने की मांग की ।

### प्रश्नोत्तरी में कल्पना स्कूल के विद्यार्थी द्वितीय

**खरखौदा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में राजकीय कवमावि, सोनीपत में आयोजित जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कल्पना चावला विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना था, ताकि कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रहे और उसके मत का सही प्रयोग हो। इस प्रतियोगिता में जिले के कुल 14 विद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन करते अनुष्का, पायल, अवनी ने प्रतियोगिता में विजयी होकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया है। प्राचार्या उषा वत्स व प्राथमिक प्रभारी रितु ने इस उपलब्धि पर उन्हें व तैयारी कर्ता अध्यापिका प्रीति को बधाई दी। बताया कि भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिवस भारत के हर नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है।



खरखौदा। विजेता छात्राओं को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधन।




सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान जन्मदिन मनाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### मूक बधिर बच्चों के साथ मनाया बेटी का जन्मदिन

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन के तत्वाधान में श्रवण व वाणी केंद्र, न्यू कोर्ट रोड सोनीपत में जन्म से ना बोल व ना सुन सकने वाले मूक बधिर बच्चों के स्कूल में विजय सिंगला ओर सोनिया सिंगला ने अपनी बेटी प्रियांशी सिंगला का जन्मदिन मनाया। इस दौरान मूक बधिर बच्चों को नाश्ता करवाकर मनाया। इस अवसर पर सहयोगी संस्था सेफ इंडिया फाऊंडेशन से प्रोजेक्ट इंचार्ज अविनाश सेठी और बलराज वशिष्ठ ने बताया कि संस्था स्कूल के विद्यार्थियों के लिए सुबह दोपहर ओर शाम के भोजन, स्कूल ड्रेस, कापी किताब एवं अनेकों सहयोग कर रही है। संस्था के चेयरमैन वाई के त्यागी व प्रधान संजय सिंगला व स्कूल इंचार्ज मोहित डागर ने बताया कि ऐसे बच्चे आपको समाज मे कही भी दिखाई दे तो उन्हें शीघ्र इस स्कूल मे दाखिल करवाये ताकि उन बच्चों की जिंदगी संवर सके। इस अवसर पर प्रथम, इत्ती, लक्षिता, दिया और सोनिया सिंगला उपस्थित रहे।

### भक्ति भाव से किया तुलसी पूजन

**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर में गुरुवार को तुलसी पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण एवं धार्मिक मूल्यों से जोडऩा रहा। कार्यक्रम में गुरु और शिष्यों ने श्रद्धा एवं भक्ति से तुलसी पूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। कार्यक्रम में छात्र जसकीरत, आचार्या मुनेश एवं शैलजा ने तुलसी के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। आचार्य संगीत ने तुलसी पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम से विद्यालय परिसर तुलसी पूजन के गीतों से गूंज उठा। प्राचार्य अश्विनी कुमार ने विद्यार्थियों को तुलसी पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि तुलसी न केवल धार्मिक दृष्टि से पूजनीय हैं, बल्कि यह पौधा औषधीय एवं पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।



गोहाना। तुलसी पूजन करते हुए शिक्षिकाएं। फोटो : हरिभूमि



गोहाना। लाभार्थियों को गैस कनेक्शन वितरित करते हुए।

### लाभार्थियों को गैस कनेक्शन वितरित

**गोहाना।** गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जयंती सुशासन दिवस पर उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को फ्री में गैस कनेक्शन वितरित किए गए। गैस कनेक्शन महेंद्रा गैस एजेंसी द्वारा वितरित किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ. ओम प्रकाश शर्मा और भाजपा गोहाना मंडल के अध्यक्ष भूपेंद्र मदगिल रहे। भूपेंद्र मुदगिल ने कहा कि भाजपा सरकार की नीति है कि अंतोदय अर्थात अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजना पहुंचनी चाहिए। भाजपा अपनी इस नीति पर काम करते हुए पंक्ति में अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। कार्यक्रम में कश्मीरी खासा, मदन लाल और इंद्र प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे। उधर गोहाना मंडल के बूथ नं. 68 पर शिव मंदिर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र मुदगिल की अध्यक्षता में मनाई गई। संयोजन मंडल महामंत्री डॉ. विजेंद्र खींची ने किया। इस अवसर पर डॉ. मनोज कुमार, पवन सैनी व हरिमोहन शर्मा मौजूद रहे।

**धर्म-कर्म**

## प्रभु यीशु के जन्म पर आधारित झांकी से बेथलहम की घटना का सजीव चित्रण किया

# क्रिसमस पर्व पर शहर के चर्चों में उमड़ी श्रद्धा मोमबत्ती जलाकर प्रभु यीशु से मांगी दुआएं

*श्रद्धालुओं ने शांत वातावरण में प्रभु यीशु के समक्ष सिर झुकाकर मनोकामनाएं व्यक्त कीं*

हरिभूमि न्यूज >> सोनीपत



सोनीपत। चर्च में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण। फोटो :हरिभूमि

सोनीपत में क्रिसमस पर्व बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार देर रात से शुरू हुआ उत्सव गुरुवार को दिनभर चर्च परिसरों में प्रार्थना, भजन-गायन और धार्मिक आयोजनों के साथ चलता रहा। ईसाई समुदाय के लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर प्रभु यीशु मसीह के समक्ष प्रार्थना की और सभी के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। शहर के मिशन रोड स्थित मेथोडिस्ट चर्च और नरेंद्र नगर स्थित कैथोलिक चर्च में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और कतारबद्ध होकर आराधना में भाग लिया। रात के समय प्रभु यीशु के जन्म पर आधारित झांकी के माध्यम से बेथलहम की घटना का सजीव चित्रण किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावुक हो उठे। दोनों चर्चों में पूरी रात भक्ति गीत गूंजते रहे। प्रभु यीशु की शिक्षाओं, करुणा और प्रेम के संदेश पर आधारित नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने क्रिसमस गीतों पर प्रस्तुति दी, वहीं सांता क्लॉज़ के रूप में सजे कलाकार ने बच्चों के बीच पहुंचकर टॉफी, चॉकलेट और उपहार वितरित किए, जिससे उत्सव का माहौल और भी जीवंत हो गया। चर्च भवनों को रंगीन रोशनी और सजावट से सजाया गया, जो देर रात तक आकर्षण का केंद्र बने रहे। गुरुवार को दिनभर चर्च परिसरों में प्रार्थना का क्रम जारी रहा। श्रद्धालुओं ने शांत वातावरण में प्रभु यीशु के समक्ष सिर झुकाकर अपनी मनोकामनाएं व्यक्त कीं। मेथोडिस्ट चर्च में फादर अनुग्रह पीटर ने सभा को संबोधित करते हुए प्रभु यीशु के जीवन दर्शन और उनके त्याग, प्रेम तथा क्षमा के संदेश पर प्रकाश डाला।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम के समापन पर भक्तों ने फादर के साथ मिलकर केक काटा, जिसे प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। इस दौरान सचिव दिलबर मसीह, कोषाध्यक्ष विमल सिंह, राहुल मसीह, संजय सिंह, रोबिन मसीह, भावना चौहान, अनुपम लाल, रीना मणि, सुनीता लाल, डोली लाल सहित बड़ी संख्या में अनुयायी मौजूद रहे। क्रिसमस पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं के चेहरों पर आध्यात्मिक संतोष और उल्लास झलकता रहा तथा पूरे दिन चर्च परिसर में आस्था और उत्सव का वातावरण बना रहा।

# युवाओं को रोजगार देने में सरकार नाकाम : तायल

हरिभूमि न्यूज >> गोहाना



हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी व्यापार सैल के पूर्व चेयरमैन मुकेश तायल ने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षित युवाओं को रोजगार देने में नाकाम रही है। आज देश के युवा बेरोजगारी का दंश झेलने पर मजबूर हैं। हरियाणा प्रदेश में तो बेरोजगारी दर एक अति चिंतनीय विषय है। देश और प्रदेश में बेरोजगारी से बेकारी और गरीबी बढ़ रही है। पूर्व चेयरमैन मुकेश तायल ने कहा कि आज भारत में बेरोजगारी दर लगभग 4.7 प्रतिशत दर्ज की गई है। जबकि धरातल पर बेरोजगारी के हालात और अधिक बदतर हैं। यह दर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग है। युवा वर्ग में बेरोजगारी दर एक बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में हरियाणा में बेरोजगारी दर सबसे अधिक है। बेशक हरियाणा सरकार युवाओं को रोजगार देने का झूठा वादा करती है लेकिन सच्चाई किसी के छुपाए नहीं छिपती। हरियाणा में युवाओं की बेरोजगारी दर आज 15.4 प्रतिशत है। ग्रामीण क्षेत्र में यह 17.5 और शहरी क्षेत्रों में करीब 13.0 प्रतिशत है। कांग्रेस नेता ने यह दावा किया कि महिलाओं में बेरोजगारी दर पुरुषों की अपेक्षा और भी अधिक है।

# अलविदा 2025 : सोनीपत में अपराध व न्याय की जंग का गवाह बना यह साल

## गैंगवार से लेकर साइको किलर के खुलासे तक पुलिस और अपराधियों के बीच चूहे-बिल्ली का खेल जारी रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

वर्ष 2025 सोनीपत जिले के लिए अपराध और पुलिस कार्रवाई के लिहाज से काफी हलचल भरा रहा। इस साल जिले में कई ऐसी वारदातें हुईं जिन्होंने न केवल सोनीपत बल्कि पूरे हरियाणा को दहला कर रख दिया। साल के अंत में जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो गैंगवार, जघन्य हत्याकांड और पुलिस मुठभेड़ की घटनाएं जहन में ताजा हो जाती हैं। सोनीपत जिले के लिए साल 2025 की शुरुआत से ही कानून व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौतियां सामने आने लगी थीं। फरवरी के महीने में ही अपराधियों ने अपने मंसूबे साफ कर दिए थे जब सरेराह गोलियां बरसाई गईं। जैसे-जैसे साल आगे बढ़ा, राजनीतिक हत्याओं और फिर गैंगवार के प्रतिशोध ने जिले की शांति को भंग करने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ में आरोपितों को ढेर कर सफलता हासिल की। वर्ष 2025 का लेखा-जोखा यह बताता है कि जहां अपराधियों ने दुस्साहस दिखाया, वहीं साल के अंत तक पुलिस ने मुठभेड़ और कड़े खुलासों के जरिए न्याय की उम्मीद को जिंदा रखा।

### गोपालपुर के पिता-पुत्र हत्याकांड ने सबको चौंकाया


सोनीपत। हमले के बाद मौके पर खड़ी हमलावरों की गाड़ी। (फाइल फोटो)


सोनीपत। हमले के बाद मौके पर बिखरा खून। (फाइल फोटो)

अक्टूबर का महीना सोनीपत के लिए सबसे खूनी साबित हुआ। 24 अक्टूबर 2025 को थाना कलां चौक पर दिनदहाड़े एक ऐसी वारदात हुई जिसने हर किसी को सन्न कर दिया। गांव गोपालपुर के निवासी मोहित और उनके पिता धर्मबीर अपनी बाइक पर जा रहे थे, तभी एक स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने उन्हें टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद बदमाशों ने दोनों पर गोलियों की बौछार कर दी और मौके पर ही पिता-पुत्र की मौत हो गई। जांच में सामने आया कि मोहित पर खरखौदा के नितिन की हत्या का आरोप लगा था और यह हमला उसी प्रतिशोध का हिस्सा माना गया।

### दीपक की हत्या से शुरू हुआ खूनी खेल


सोनीपत। अस्पताल में पहुंचे पुलिस अधिकारी जांच करते हुए।

साल की पहली बड़ी सनसनीखेज वारदात 27 फरवरी 2025 को सामने आई। जिले के हिस्ट्रीशीटर दीपक गुहणा की बदमाशों ने गोलियों से भूनकर निर्मम हत्या कर दी। हमलावरों ने दीपक को निशाना बनाते हुए अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें वह मौके पर ही ढेर हो गया। इस हमले में एक अन्य युवक भी गंभीर रूप से घायल हुआ था। इस हत्याकांड ने जिले में गैंगवार की सुगबुगाहट को तेज कर दिया था और पुलिस के लिए अपराधियों पर नकेल कसना एक बड़ी चुनौती बन गया था।



### भाजपा मंडल अध्यक्ष की हत्या और राजनीतिक माहौल

*फरवरी की घटना के कुछ दिन बाद ही 14 मार्च 2025 को दुल्हेंडी की रात एक और बड़ी वारदात हुई। गांव जवाहरा में भाजपा मुंडलाना मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। फाग की रात हुई इस हत्या से राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया। सुरेंद्र को उस समय निशाना बनाया गया जब वह गांव में मौजूद थे। इस मामले ने स्थानीय स्तर पर कानून व्यवस्था पर कई सवाल खड़े किए, हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्त में ले लिया था।*


सुरेंद्र ज्वाहरा।

### साइको किलर का खुलासा

साल के अंत में 1 दिसंबर 2025 को एक ऐसा खुलासा हुआ जिसने मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया। पुलिस ने महिला साइको किलर पूनम को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान पूनम ने जो राज खोले, वे रूह कपा देने वाले थे। उसने स्वीकार किया कि पौने तीन साल पहले उसने ही अपने बेटे शुभम और भांजी इशिका की हत्या की थी।

### मुठभेड़ में आरोपित शुभम का अंत

पिता-पुत्र हत्याकांड के बाद पुलिस प्रशासन पर भारी दबाव था। इसी कड़ी में 23 नवंबर 2025 को पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। केएमपी पुलिया के पास गोपालपुर-आईएमटी मार्ग पर पुलिस और बदमाशों के बीच सीधी मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में हत्या आरोपित करनाल के गांव छापर निवासी शुभम की मौत हो गई। शुभम पर ही 24 अक्टूबर को मोहित और धर्मबीर की हत्या करने का आरोप था। यह मुठभेड़ काफी भीषण थी क्योंकि इस दौरान दो इंस्पेक्टरों की बुलेट प्रूफ जैकेट में भी गोलियां लगी थीं, जिससे उनकी जान बाल-बाल बची।

मार्केट न्यूज

## डाक्टरी कौशल, अत्याधुनिक उपकरणों व सुविधाओं का अदभुत संगम-फिम्स






सोनीपत। गत लगभग 11 वर्षों में फिम्स अस्पताल ने अनुभवी डाक्टरों, दक्ष स्टाफ, आधुनिक जाँच उपकरणों व कुशल प्रबन्धन की सहायता से सोनीपत के निकटवर्ती ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की आम जनता के मन में जीवन के प्रति आशा और विशवास की नई किरण जगाई है। फिम्स के प्रति लोगों के अटूट स्नेह और विशवास के लिए अस्पताल प्रबन्धन सदैव उनका आभारी रहेगा। ये कहना है फिम्स के प्रबन्ध निदेशक रजत जैन का ; जो अपनी अनुभवी टीम के सहयोग से फिम्स अस्पताल को इस राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का एक सिरमौर चिकित्सा संस्थान बनाने में दिन-रात एक किए हुए हैं। उनके इस दावे को पुख्ता किया है-हाल ही मे हुए एक दुर्लभ ईलाज ने, जिसमे एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला सन्तरी देवी को यहां के डाक्टरों की टीम ने लकवे के रोग से सदा के लिए निजात दिलानें में सफलता प्राप्त की है। फिम्स के, एम्स से प्रशिक्षित इंटरवेंशन रेडियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ0 आशीष कौशिक ने बताया कि लकवा ग्रस्त मरीजों को जल्द से जल्द इस परेशानी से छुटकारा पाने के लिए अस्पताल के अनुभवी रोग विशेषज्ञों से सम्पर्क करना चाहिये।

### गन्नौर के हर गांव में बिना भेदभाव के करवाए जा रहे विकास कार्य : कादियान

## विधायक कादियान ने 33 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण


गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान ने करीब 33 लाख रुपये की लागत के विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

विधायक देवेंद्र कादियान ने गुरुवार को खंड के गांव खिजरपुर अहीर माजरा में करीब 33 लाख रुपये की लागत के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी कड़ी में हर गांव की जरूरतों को चुन-चुनकर पूरा किया जा रहा है। विधायक कादियान ने गांव में पहुंचने पर अनुसूचित जाति (एससी) चौपाल का उद्घाटन किया। जर्जर हो चुकी इस चौपाल का 10 लाख रुपये की लागत से भव्य नवनिर्माण किया गया है। इसके बाद उन्होंने 7.50 लाख की लागत से नवनिर्मित बीसी चौपाल और 15 लाख रुपये से बनी तीन गलियों का विधिवत लोकार्पण किया। इससे पूर्व ग्रामीणों ने विधायक का फूल-मालाओं और पगड़ी पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक ने शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने घोषणा की कि अहीर माजरा में 27 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक ई-लाइब्रेरी बनाई जाएगी, जिसकी ग्रांट आ चुकी है। कादियान ने कहा, लाइब्रेरी बनने के बाद गांव के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्हें अपने ही गांव में हाईटेक सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा, 13 लाख की लागत से खेतों के रास्ते के निर्माण कार्य को भी जल्द शुरू करने की बात कही। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र यादव, मोनू सरपंच घसौली, गुरमेल सरपंच गामड़ा, ब्लॉक समिति चेयरमैन अनिल कुमार, हेमचंद्र, हरबीर, बलजीत, रोहताश, बाबूराम, सुरेश जेई, एसडीओ सचिन, राकेश, नीरज, निक्की, विकास जेई, संजय, रामकुंवार, दीपांशु, जगमग आदि मौजूद रहे।

### वाजपेयी की जयंती पर खेल स्टेडियम का नामकरण

**खरखौदा।** ग्राम पंचायत रोहट में अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में खेल स्टेडियम का नामकरण अटल स्टेडियम के नाम से किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका राजबीर दहिया ने स्टेडियम के नाम पट्ट का उद्घाटन किया। चेयरपर्सन मोनिका राजबीर दहिया ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एक महान नेता, कवि और महान व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश के विकास में अपना योगदान दिया। उनकी जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था।अटल बिहारी वाजपेयी ने देश के विकास में अपना योगदान दिया। साथ मुख्यमंत्री की खरखौदा रैली में 28 दिसंबर को बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर ब्लॉक खरखौदा के चेयरमैन सतेंद्र दहिया उर्फ सत्ते रोहट, पूर्व चेयरमैन राजबीर दहिया, नगर पालिका खरखौदा चेयरमैन हीरालाल इंदौरा, सरपंच संदीप दहिया, सतीश, आनंदपुर सरपंच प्रहलाद, सरपंच जोगिंद्र, सरपंच राम सिंह, योगेन्द्र, विकास, सचिन और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

### वाजपेयी की जयंती पर पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय में सुशासन दिवस समारोह आयोजित

# पूर्व प्रधानमंत्री का जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सुशासन का रहा प्रतीक : मंत्री गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा में जिला स्तरीय सुशासन दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए की। इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधायक पवन खरखौदा तथा मेयर राजीव जैन भी मौजूद रहे। मंत्री विपुण गोयल ने कहा कि अटल जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक रहा है। उनके द्वारा स्थापित सुशासन की परंपरा आज भी देश के विकास की दिशा तय कर रही है। अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सुशासन का प्रतीक रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने वर्चुअल माध्यम (विडियों कांफ्रेंस) से सुशासन दिवस पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा दिए गए अभिभाषण को सुना। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुण गोयल ने कहा कि सुशासन की मजबूत नींव अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में रखी, जिसे वर्तमान प्रधानमंत्री मोदी ने और अधिक सशक्त व व्यापक रूप प्रदान किया। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रत्येक वर्ष 25 दिसंबर को गुड गवर्नेंस डे मनाया जाता है।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान भाजपा वरिष्ठ नेता देवेन्द्र कौशिक, आजाद नेहरा, रविन्द्र दिलावर, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, एसीयूटी योगेश दिल्हौर, सीटीएम डॉ. अनमोल, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़, एमडी शुगर मील संजय कुमार, डीआरओ सुशील शर्मा, भाजपा नेता राजकुमार कटारिया, नरेंद्र भारती सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान पहुंचें मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए विधायक साथ में मेयर एवं अन्य।

### अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर पुनीत राई के कार्यालय में सुशासन के आदर्शों को किया नमन



**गन्नौर ।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को भाजपा नेता एवं निगम पार्षद पुनीत राई के कार्यालय पर श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुनीत राई ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सुशासन का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान देश में सुशासन की जो मजबूत नींव रखी, उसी के परिणामस्वरूप भारत ने विकास और विश्वास की नई दिशा पकड़ी। पुनीत राई ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने राजनीति में शुचिता, ईमानदारी और पारदर्शिता की जो परंपरा स्थापित की, वही आज सुशासन की आधारशिला बनी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पारदर्शी प्रशासन, जवाबदेही और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

### वाजपेयी की जयंती पर मुरथल में विधायक ने बांटे ट्रैक सूट

**राई ।**भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर ग्राम मुरथल में प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत ने खेल गतिविधियों में सक्रिय बच्चों को प्रोत्साहन प्रदान किया ओर फुटबॉल खेल से जुड़े बच्चों को उत्साहित करने के उद्देश्य से ट्रैकसूट वितरित किए। ट्रैक सूट अंडर-14, अंडर-17 तथा अंडर-19 आयु वर्ग की टीमों को प्रदान किए गए। ट्रैकसूट पाकर बच्चों के चेहरों पर उत्साह और खुशी साफ झलक रही थी। खिलाड़ियों ने भी इस पहल के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने संबोधन में कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्रसेवा, अनुशासन और युवाओं के मार्गदर्शन का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि अटल जी हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने और उनके सर्वांगीण विकास के पक्षधर रहे। उन्हीं की प्रेरणा से आज खेलों को बढ़ावा देना और ग्रामीण प्रतिभाओं को अवसर देना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। सरकार भी ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।



### अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और विकास की राजनीति का प्रतीक : गहलावत

**राई।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर गांव बडोली और मुकीमपुर में विकास कार्यों की नई सौगात दी गई। विधायक कृष्णा गहलावत ने गांव बडोली में नवनिर्मित सामुदायिक केंद्र का उद्घाटन किया। इसके पश्चात गांव मुकीमपुर में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से स्थापित पुस्तकालय (लाइब्रेरी) तथा ब्राह्मण चौपाल का भी विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने भी शिरकत की । विधायक कृष्णा गहलावत ने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और विकास की राजनीति का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने देश को मजबूत नेतृत्व दिया और गांवों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव रखी। उन्हीं के आदर्शों पर चलते हुए आज गांवों में शिक्षा, सामाजिक एकता और जनसुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि सामुदायिक केंद्र, पुस्तकालय और चौपाल जैसे विकास कार्य ग्रामीण जीवन को सशक्त बनाते हैं। पुस्तकालय से युवाओं को शिक्षा और ज्ञान का लाभ मिलेगा, वहीं सामुदायिक केंद्र सामाजिक कार्यक्रमों और सामूहिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, मार्केट कमेटी गन्नौर के अध्यक्ष निशांत छौक्कर, उप चेयरमैन योगेश कौशिक, मार्केट कमेटी गन्नौर के आनंद दहिया, मार्केट कमेटी खरखोदा के अध्यक्ष गुलशन, उप चेयरमैन आशा रानी, ब्लॉक समिति मुरथल के अध्यक्ष संजय, ब्लॉक समिति सदस्य विनोद त्यागी व प्रवीण देवी, जय भगवान मुकीमपुर, सरपंच पूनम व दीपक, अंकित कंतिल, दीपक कंतिल, मनीषा, केशव, सरपंच बडोली पंडित रामेश्वर, अरुण चौहान अध्यक्ष मार्केट कमेटी सोनीपत, महावीर बडोली, पंडित बलबीर, रामपाल, टिकीराम, हरीश, डॉ. प्रवीण, बडोली करनाल के प्रिंसिपल, मोहित कपूर राई स्पोर्ट्स स्कूल, नरेश सरपंच खुरामपुर, योगेश जाजल आदि मौजूद रहे।


राई। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनकी फोटो पर विधायक कृष्णा गहलावत पुष्प अर्पित करते हुए ।

### सुशासन दिवस पर एसआरके में युवाओं ने लिया पारदर्शी व जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प

**गन्नौर ।** एसआरके सेंटर गन्नौर में सुशासन दिवस का देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सेंटर के संचालक जोगेंद्र सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए सुशासन दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सुशासन केवल प्रशासनिक व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। पारदर्शिता, ईमानदारी और जनकल्याण जैसे सिद्धांत आज भी देश को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

अपने संबोधन में जोगेंद्र ने युवाओं से अनुशासन, नैतिक मूल्यों और जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। मेरा युवा भारत की ओर से राकेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, सामाजिक सहभागिता और जनकल्याणकारी गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। अंत में जोगेंद्र एवं उनकी पूरी टीम को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया ।



**कार्यक्रम** | जी.डी. गोयंका स्कूल में विंटर कार्निवल का भव्य आयोजन

### रंग-बिरंगी सजावट और थीम आधारित स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र

# खेल, व्यंजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बच्चों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

जी.डी. गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में विंटर कार्निवल का भव्य, आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर हर्षोल्लास, उमंग और रचनात्मक गतिविधियों से सराबोर नजर आया। विंटर कार्निवल के लिए विद्यालय परिसर को विशेष रूप से सजाया गया। रंग-बिरंगी लाइटों, आकर्षक सजावट और थीम आधारित स्टॉल्स ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रवेश द्वार से लेकर खेल मैदान तक हर कोना उत्सव के रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया। कार्निवल में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न खेलों के स्टॉल, स्वादिष्ट व्यंजनों के काउंटर, हस्तकला एवं रचनात्मक प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों ने स्वयं स्टॉल लगाकर उनमें सक्रिय भूमिका निभाई, जिससे उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास देखने को मिला। खेल गतिविधियों में बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और आयोजन का भरपूर आनंद उठाया। विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।



राई । विंटर कार्निवल में संस्कृति कार्यक्रम के प्रतिभागी छात्र ।

#### दर्शकों ने बजाई तालियां

बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों पर उपस्थित दर्शकों ने तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण पूरी तरह आनंद और उल्लास से भर गया। विद्यालय अध्यक्ष योगेश जिंदल ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे कार्यक्रम बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यवहारिक जीवन के लिए भी तैयार करते हैं। उपप्रधानाचार्या निधि जैन ने कहा कि विंटर कार्निवल जैसे आयोजन बच्चों को टीमवर्क, रचनात्मक सोच और सामाजिक मूल्यों से जोड़ते हैं। उन्होंने अभिभावकों के सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया।



गन्नौर। क्रिसमस सेलिब्रेशन, तुलसी दिवस एवं बाल वीर दिवस मनाते स्कूल के छात्र।

### चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में तुलसी दिवस, क्रिसमस व बाल वीर दिवस मनाया

**गन्नौर ।** चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, नैतिक मूल्यों और देशभक्ति की भावना विकसित करने के उद्देश्य से प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में क्रिसमस सेलिब्रेशन, तुलसी दिवस एवं बाल वीर दिवस को एक साथ अत्यंत गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल उत्सवों तक सीमित न रखते हुए उन्हें भारतीय संस्कृति, प्रकृति संरक्षण और वीरता के आदर्शों से जोड़ना रहा। तुलसी दिवस के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रकृति के महत्व और पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया गया। विद्यालय प्रबंधक अजय यादव ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि जीवन में सत्य, साहस, आत्मविश्वास और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य भावना को अपनाना ही सच्ची शिक्षा का उद्देश्य है।